CAREERINDIA

## खण्ड – अ

## Section – A

1. आधुनिक आवर्त सारणी में कितनी क्षैतिज पंक्तियाँ हैं ? इन पंक्तियों को क्या कहते हैं ? **1**

   How many horizontal rows are there in the modern periodic table ? What are these rows called ?

2. ओज़ोन परत की क्षति चिन्ता का विषय क्यों है ? **1**

   Why is depletion of ozone layer a cause of concern ?

3. किसी लेंस की फोकस दूरी +25 cm है । इस लेंस की क्षमता लिखिए । **1**

   The focal length of a lens is +25 cm. Write the power of this lens.

4. संक्षेप में वर्णन कीजिए कि प्लेनेरिया में 'पुनरुदभवन' (पुनर्जनन) की प्रक्रिया किस प्रकार सम्पन्न होती है ? **2**

   Describe briefly how regeneration is carried out in Planaria.

5. उपार्जित लक्षणों और आनुवंशिक लक्षणों के बीच विभेदन करने वाली किन्हीं दो विशेषताओं की तालिका के रूप में सूची बनाइए । **2**

   List in tabular form any two distinguishing features between the acquired traits and the inherited traits.

6. आप कचरे के निपटान की समस्या को कम करने में किस प्रकार योगदान कर सकते हैं ? किन्हीं दो उपायों का वर्णन कीजिए । **2**

   How can you help in reducing the problem of waste disposal ? Write any two methods.

7. नीचे दिए गए रासायनिक समीकरणों को पूरा कीजिए : **3**

   (i) $CH_3COOH + Na_2CO_3 \longrightarrow$

   (ii) $CH_3COOH + NaOH \longrightarrow$

   (iii) $CH_3COOC_2H_5 + NaOH \longrightarrow$

   Complete the following chemical equations

   (i) $CH_3COOH + Na_2CO_3 \longrightarrow$

   (ii) $CH_3COOH + NaOH \longrightarrow$

   (iii) $CH_3COOC_2H_5 + NaOH \longrightarrow$

www.careerindia.com

